दैनिक
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845
# मेरठ दर्पण
वर्षः 05 अंक 355 मेरठ, मंगलवार 13 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया आईना सच का......




# ठेले में मोटरसाइकिल रख कांग्रेसियों ने किया बढती महंगाई का विरोध



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ में कांग्रेसियों ने पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ ठेले में मोटरसाइकिल रखकर प्रदर्शन किया। जिला, महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी चौराहे पर इकट्ठा हुए। इंदिरा चौक पर ठेले में बाइकें रखी और हापुड़ रोड तक ठेला चलाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, मोनिन्दर सूद, अखिल कौशिक, हरिकिशन अंबेडकर, अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।



**मुजफ्फरनगर। कावड़ यात्रा से पूर्व एसएसपी अभिषेक यादव ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए सभी कमियों को पूरा करने के दिए निर्देश और मार्ग पर साफ सफाई के अलावा सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी दिए निर्देश**

# भारतीय किसान यूनियन का धरना लगातार 48वें दिन भी जारी



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** प्रदेश स्तर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा बड़ा फैसला लेते हुए उत्तर प्रदेश की प्रदेश कमेटी, मंडल कमेटी व जिला कमेटीयो सहीत समस्त प्रकोष्ठो द्ध युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ आदिऋ को भंग कर दिया गया है । प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह जादौन जी ने बताया राष्ट्रीय नेतृत्व ने आज बड़ा फैसला लेते हुए उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत सभी कमेटीयो को भंग करके पुनर्गठन की प्रकिया को शुरू कर दिया है । प्रदेश अध यक्ष राजवीर सिंह जादौन जी ने कहा की किसान आंदोलन मे भाकियू नेताओध्पदाधि ाकारीयो ध्कार्यकर्ताओ की भागीदारीध सक्रियता के आधार पर पुरी पारदर्शिता के साथ पुनर्गठन की प्रकिया को जल्द पुर्ण कर पुरे प्रदेश मे भारतीय किसान यूनियन की एक मजबूत टीम का गठन किया जायेगा । दूसरी तरफ मनोज त्यागी ,विनीत सांगवान, बबलू जिटोली , गजेन्द्र सिंह दबतुआ, विपीन चौधरी सुनील जिटोली, अर्जुन चौधरी आदि द्वारा 24 जुलाई की ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने के लिए कंकरखेडा स्थित अशोका नगर मे बैठक की जिसमे क्षेत्र के अनेको किसानो ने भाग लिया । पुर्व जिलाध्यक्ष मेरठ मनोज त्यागी ने राष्ट्रीय नेतृत्व के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए लिया गया राष्ट्रीय नेतृत्व का फैसला सराहनीय है इससे यूनियन के लिए लगातार संघर्षशीलध्आंदोलनरतध्सक्रिय कार्यकर्ताओ को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और भारतीय किसान यूनियन की ताकत मे बढ़ोत्तरी होगी । आज सिवाया टोल के धरने मे मुख्य रूप से गौरव इलमसिंह, मोनू छुर्र, आत्माराम , हरेन्द्र , सुशील कुमार पटेल, अनिल , रविन्द्र , दलबीर , निक्की , कल्लू , धीर सिंह नंगला, सुरजवीर, लव भराला, हरवीर पनवारी, विरेन्द्र पवरसा, ओमपाल, विक्रम, राजेन्द्र, तेजपाल शादीपुर, राजेन्द्र रईशपुर, भूपेंद्र, रामपाल, नरेश मुखिया, मनोज तेवतिया, गौरव छुर्र, आदि सहित तमाम साथियो की सहभागिता रही ।

## उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा पर रोक में ढील नहीं

**देहरादून।** उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा पर रोक जारी रहेगी. सरकार ने इसमें कोई ढील देने से इंकार कर दिया है। कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि कांवड़ यात्रा लाखों लोगों की आस्था की बात है, पर श्रद्धालुओं की जान को खतरा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के बीच कांवड़ यात्रा के कारण लोगों को अपनी जान गंवानी पड़े, इसे तो भगवान भी पसंद नहीं करेंगे। धामी ने कहा कि सरकार पहले ही कांवड़ यात्रा पर रोक का निर्णय ले चुकी थी। आस्था भगवान से जुड़ा विषय है, लेकिन भगवान भी नहीं चाहेंगे कि किसी की जिंदगी जाए। ऐसे में सभी पहलुओं पर गौर करने के लिए पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक हो चुकी है। जरूरत पड़ी तो उच्चस्तर पर भी विचार किया जाएगा।

## तीन राज्यों में बिजली का कहर

**नई दिल्ली।** आसमान से गिरी बिजली ने रविवार को तीन राज्यों में 68 लोगों की जिंदगी छीन ली। यूपी में 37 लोगों की मौत हुई, जबकि 22 झुलस गए। राजस्थान में 20 की मौत हो गई और 35 झुलस गए। वहीं, मध्यप्रदेश में 11 लोगों ने दम तोड़ दिया और 13 झुलस गए। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। जयपुर के आमेर महल के वॉच टावर पर बिजली गिरने से हुई 11 लोगों की मौत सहित राज्य में कुल 20 लोगों की मौत हुई है। जयपुर में ही शिवदासपुरा में एक बच्चे की मौत बिजली गिरने से हो गई। इनके अलावा कोटा में 4 और धौलपुर के बाड़ी में 3 बच्चों की मौत हुई है। सवाई माधोपुर-टोंक बॉर्डर पर एक गांव में एक शख्स की मौत हो गई।

# डीएम ने किया दौराला स्थित कान्हा गौषाला का आकस्मिक निरीक्षण

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने आज दौराला स्थित कान्हा गौषाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि निराश्रित गौवंष को संरक्षण प्रदान करना मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से एक है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राप्त धनराषि का सुदपयोग करते हुये कान्हा गौषाला की क्षमता का पूर्ण उपयोग किया जाये व बाहर घूम रहे सभी निराश्रित गौवंषो को संरक्षित किया जाये। उनके संज्ञान में लाया गया कि वर्तमान में जनपद में 4265 निराश्रित गौवंष विभिन्न गौ संरक्षण केन्द्रों में संरक्षित है। 300 गौवंषो की क्षमता वाली दौराला स्थित कान्हा गौषाला में 76 गौवंष संरक्षित है। जिलाधिकारी के0 बालाजी ने मेन गेट से गौवंषो के शैड तक का रास्ता इंटर लाकिंग टाईल्स से बनाने के लिए लायी गयी टाईल्स का सदुपयोग करते हुये यह कार्य बरसात से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देष दिये। जिलाधिकारी ने शासन को बजट आवंटन के लिए उनकी ओर से नगर विकास विभाग को पत्र प्रेषित करने के लिए कहा। उन्होने कहा कि कान्हा गौषाला में 08 फुट बडे पेडो का भी वृक्षारोपण किया जाये ताकि गौवंषो को शैड के अतिरिक्त खुले स्थान में भी छाया की व्यवस्था हो सके। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 अनिल कंसल ने बताया कि दौराला स्थित कान्हा गौषाला का क्षेत्रफल करीब 03 एकड व लागत रू0 2.25 करोड है जिसमें से नगर पंचायत दौराला को रू0 1.65 करोड मिल गया है। उन्होने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा गौवंषो का टीकाकरण, कीडो की दवाईयां व चिकित्सा सुविधा गौवंषो को दी जाती है। उन्होने बताया कि संरक्षित गौवंषो को निःषुल्क हरा चारा पोषण के लिए रू0 30 प्रति पषु प्रतिदिन की दर से सरकार धनराषि उपलब्ध कराती है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 अनिल कंसल ने बताया कि नगर पंचायत दौराला ने एक कंपनी के साथ कान्टेक्ट किया है जो गायो के गोबर से



कम्पोस्ट खाद व दीपक बनायेगी। जिससे गौषाला स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो सके। उन्होने बताया कि कान्हा गौशाला दौराला में एक एकड में हरा चारा भी बोया जा रहा है, जिससे कि गौवंषो को हरा चारा सालभर उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर चेयरमैन नगर पंचायत दौराला नवीन कुमार शर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 देश दीपक, नोडल अधिकारी गौआश्रय स्थल पषुपालन विभाग डा0 के0 के0 राणा, अधिषासी अधिकारी नगर पंचायत दौराला शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



भाजपा के नामित पार्षद सतनाम सिंह नामी व भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप भाटिया के नेतृत्व में लगाया गया नंदपुरी के माता मंदिर मे कोविड-19 वैक्सीन कैंप ।कैंप मे लगी 167 लोगो को वैक्सीन

# ट्रांसपोर्टरों ने 10 से 15ः बढ़ाया किराया, आपकी रसोई तक पड़ेगा असर



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पेट्रोल-डीजल मूल्यवृद्धि का असर ट्रांसपोर्ट भाड़े में पड़ने लगा है। लगातार बढ़ रहे ईंधन के दाम से व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों की हालत खराब है। सोमवार को मेरठ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने बैठक कर तय किया कि तत्काल प्रभाव से मालवाहक वाहनों का भाड़ा 10 से 15 प्रतिशत बढ़ा दिया है। मेरठ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव शर्मा ने बताया कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, केंद्र सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। ऐसे में दो ही विकल्प है। एक या तो अपनी गाड़ियों के चक्के जाम कर दें या भाड़े में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। उन्होंने बताया कि बगैर भाड़ा बढ़ाए गुजारा संभव नहीं है। इसीलिए तय कर लिया गया है कि भाड़ा बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन ने पिछले माह ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम डीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया था, लेकिन उसपर किसी ने संज्ञान नहीं लिया। ईधन की कीमतों को कम करने की बजाय लगातार वृद्धि की जा रही है, जो बर्दाश्त से बाहर है। अगर अब भाड़ा नहीं बढ़ाया तो ट्रांसपोर्ट कंपनियों के गोदाम में ताले लग जाएंगे। एक माह पूर्व जो गाड़ियां मेरठ से दिल्ली तक के 6500 लेती थीं, अब वह 8500 लेंगी। कोलकाता का भाड़ा 65000 था जो अब 77000 हो गया है। मुंबई और नागपुर के लिए 55000 की जगह अब क्रमशः 65000 और 60000 लिए जाएंगे। चेन्नई व गुवाहाटी का भाड़ा 95000 था, अब 105000 हो गया है। जयपुर का भाड़ा 16500 से बढ़कर 19000 हो गया है। लखनऊ का भाड़ा 24000 से बढ़कर 29000 हो गया है। बैठक में खेता सिंह, उपाध्यक्ष पंकज अनेजा, अंकुर प्रजापति, रोहित कपूर, राजू लल्लन, अनीश चौधरी, दीपक गांधी, सुरेंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, देवीचरण सैन, अतुल शर्मा आदि मौजूद रहे। विशेषज्ञों के मुताबिक, डीजल का रेट इसी तरह बढ़ता रहा तो कुछ दिनों में लोगों का घरेलू बजट बिगड़ना तय है। कई जिलों में ट्रांसपोर्टरों ने किराया बढ़ा दिया है जिसका असर अन्य वस्तुओं पर पड़ेगा। जिसके कारण दाल समेत अन्य खाद्यान्न व प्लास्टिक प्रश्वडक्ट के दाम भी बढ़ सकते हैं।

## वैश्य समाज महिला संस्था द्वारा कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी जन्मदिन मनाया



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** वैश्य समाज महिला उत्तर प्रदेश मेरठ द्वारा मेरठ जिला अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल की अध्यक्षता में वैश्य समाज के संरक्षक उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी का पुनर्प्राप्त जन्म दिवस मनाया गया। मंत्री जी की दीर्घायु तथा स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए वैश्य समाज की बहनों ने मंदिर में पूजा अर्चना की और दीपक जलाए उसके बाद गरीब रिक्शा चालकों तथा अश्वटो वालों को शरबत, फल तथा मिष्ठान का वितरण किया । वैश्य समाज मेरठ जिलाध्यक्ष शालिनी अग्रवाल ने बताया कि आज से 11 साल पहले 12 जुलाई 2010 को उन पर अपराधियों द्वारा आरडीएक्स बम से हमला किया गया था जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे कई दिन कोमा में रहने के बाद और 14 अश्वपरेशन के बाद भगवान की पा और उनके शुभचिंतकों की प्रार्थना से उनको पुनर्जन्म प्राप्त हुआ वैश्य समाज और व्यापार समाज उनका 12 जुलाई को पुनर्प्राप्त जन्म दिवस मनाता है मेरठ जिलाध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के साथ महानगर अध्यक्ष सोनल बिश्नोई, जिला महामंत्री शालिनी गोयल और उनके पदाधिकारी गुंजन गर्ग, पूजा गुप्ता , निशा गुप्ता, प्रीति गोयल, रिशु सिंघल, राधा सिंघल, अदिति गुप्ता मेरठ महानगर अध्यक्ष अमित सिंघल ,उनके पदाधिकारी विवेक विश्नोई पुलकित गोयल आदि भी मौजूद रहे ।

## नालों पर बने नए पुल के निर्माण के पश्चात पुराने जर्जर पुल को हटवाया जायेः विपुल सिंघल



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** संयुक्त व्यापार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल महामंत्री विपुल सिंघल के नेतृत्व मे श्रीमान मण्डलायुक्त ,मेरठ मण्डल, मेरठ से नहर अथवा नालों पर बने नए पुल के निर्माण के पश्चात पुराने जर्जर पुल को हटवाए अथवा नीलाम कराए जाने के संबंध में मिला। संज्ञान में लाया गया कि विकास के चलते मेरठ मण्डल में नालो तथा नदियां अथवा नहरों पर यातायात व्यवस्था बढ़ाए जाने हेतु पुल का निर्माण सिंचाई विभाग अथवा पीडब्ल्यूडी के द्वारा विभिन विभिन स्थानों पर किया जा रहा है। पिछले कुछ समय में ऐसे कई नए पुलों का निर्माण किया गया जिनके कारण यातायात की परेशानियां खत्म हुई। नए पुल के निर्माण के पश्चात वहां पर खड़े जर्जर पुराने पुल को ना तो नीलाम किया जा रहा है और ना ही उसका मलबा विभाग द्वारा अपने इस्तेमाल में लिया जा रहा है। ऐसे कई पुराने पुल हैं जिनको हटाए अथवा नीलाम कराए जाने की आवश्यकता है इससे सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा और साथ ही उन पुराने पुल पर गलती से चलने वालों की जान को खतरा नहीं होगा। निवेदन किया कि ऐसे सभी पुराने पुल जैसे ग्राम रसूलपुर औरंगाबाद ब्लाक रजपुरा जिला मेरठ में काली पर स्थित जो इस्तेमाल में नहीं आ रहे हैं और उनकी वैकल्पिक व्यवस्था नए पुल के निर्माण से की जा चुकी है उनको चिन्हित कर नीलाम कराया जाए ताकि सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी भी हो सके और साथ ही पुराने पुल के द्वारा भविष्य में टूटने गिरने पर किसी भी प्रकार की जान माल की हानि ना हो। इस मौके पर संयुक्त व्यापार समिति के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, महामंत्री विपुल सिंघल, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष सुशील रस्तोगी, विनेश जैन, मंत्री विकास गोयल, सोनी मग्गू, अरविंद चौधरी, अनुज त्यागी, नमन अग्रवाल, राजीव सिंघल, अमित जैन, सचिन मोहन मुकेश मित्तल , रजत कुमार, अम्बुज रस्तोगी, शम्मी आनंद आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह विष्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यो का शपथ ग्रहण कार्यक्रम






**मेरठ दर्पण-मेरठ।** चोधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यो का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चोधरी को जिलाधिकारी के0 बालाजी ने व सदस्यो को जिला पंचायत अध्यक्ष ने शपथ दिलायी। अध्यक्ष गौरव चोधरी ने कहा कि वह किसानो व आमजन की सेवा करने के लिए आये है और यही उनका ध्येय है। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी हुआ। जनपद के प्रथम नागरिक व जिला पंचायत अध्यक्ष बने गौरव चोधरी ने कहा कि वह मेरठ में किसानो व आमजन की सेवा करने के उद्देष्य से आये है कोई राजनीति करने नहीं आये है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की भारत के नवनिर्माण की सोच को आगे बढ़ाना है तथा इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होने कहा कि पार्टी ने उन्हें किसानो व आमजन की सेवा करने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होने सदस्यो का भी आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि मेरठ के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जायेगा। संगठन के कर्मवीर सिंह ने कहा कि इस जिले का भविष्य बदलना चाहिए व दषा व दिशा बदलनी चाहिए तथा जिले के विकास का नक्षा भी बदलना चाहिए। उन्होने कहा कि सभी मिलकर मेरठ के विकास के लिए कार्य करें। उन्होने कहा कि मेरठ को दुनिया में जाना जाता है। यहां पाण्डवों का जन्म हुआ व देश की क्रान्ति का आगाज भी मेरठ से ही हुआ। उन्होने कहा कि भारतवर्ष में मेरठ जिला पंचायत के कार्यो की वजह से एक आदर्ष जिला बने, इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करे। इस अवसर पर सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद बागपत सत्यपाल सिंह, राज्यसभा सांसद कांता कर्दम, विधायक संगीत सोम, विधायक डॉ सोमेन्द्र तोमर,विधायक सत्यवीर त्यागी, विधायक जितेन्द्र सतवई, विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल, नवनिर्वाचित जिला पंचायत के सदस्यगण, जिलाध्यक्ष अनुज राठी, जिलाधिकारी के0 बालाजी, सीडीओ शशांक चोधरी, एडीएम सिटी अजय तिवारी, एएमए जिला पंचायत एस0के0 गुप्ता, प्रषासनिक अधिकारी कुलवंत सिंह सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत अधिक संस्थाओं द्वारा लगातार किया जा रहा है वृक्षारोपण

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**






**मुजफ्फरनगर।** एक कदम पर्यावरण संरक्षण की ओर बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ा अंतर्गत शहर को हरा–भरा एवं ग्रीन सिटी बनाने के लिए लगातार वृक्षारोपण एवं औषधि ा वाटिका का निर्माण सामाजिक संस्थाओं के द्वारा किया जा रहा है। जारी कड़ी में आज सहयोगी संस्था अचार्यकुल अध्यक्ष होतीलाल शर्मा के संचालन में एवं एसएस दास ट्रस्ट संदीप दास के कुशल निर्देशन में सामाजिक संस्थाओं ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र में प्रधानाध्यापक बबीता शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने मिलकर 41 पौधों का रोपण किया एवं पर्यावरण का संरक्षण करने की शपथ भी ली।। आज मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम सरदार बलजीत सिंह के साथ आचार्यकुल संस्था से अध्यक्ष होतिलाल शर्मा,एसएस दास चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमेन संदीप दास, विद्यालय प्रधानाध्यापक बबीता शर्मा,पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंकुर गुप्ता,जिला प्रचार प्रमुख रविकांत अग्रवाल,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला संयोजक अमित गुप्ता ,इनरव्हील क्लब से संतोष शर्मा,आचार्य कुल से आचार्य सुरेंद्रपाल, सीताराम ,राखी गोयल, डश्वक्टर बृजपाल सिंह,काजल जैन,नेहा गर्ग,ममता शर्मा,बबीता शर्मा,कल्पना जी जिला महिला हितकर परिषद,चंद्रमुखी यादव लोक आस्था जनकल्याण,शाह सतनाम वेलफेयर से किशोरी लाल, एकल शिक्षा अभियान से पूजा द्विवेदी, गीता ठाकुर,एसएस दास ट्रस्ट से संजय ठाकुर सीमा ठाकुर, ज्ञानी गुरबचन सिंह सदस्य स्वैच्छिक ब्यूरो, विद्यालय का स्टाफ शिल्पा,शशि गोयल,शाहिना, पूनम अहूजा, पूनम जयंत,आदि सभी ने मिलकर वृक्षारोपण किया। पिछले कई दिनों से वृक्षारोपण कार्यक्रम में लगातार सहयोगी संस्थाएं एसएसदास चौरिटेबल ट्रस्ट,आचार्य कुल, समन्वय स्तम्भ, इनरव्हील क्लब, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ,शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स, एकल शिक्षा अभियान,जिला महिला हितकर परिषद,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,लोक आस्था जनकल्याण समिति, ह्यूमिनिटी वैलफेयर सोसाइटी इत्यादि संस्थाओ के सहयोग से वृक्षारोपण व औषधि वाटिका का निरंतर कार्य जारी है। स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी सरदार बलजीत सिंह ने सभी सामाजिक संस्थाओं का धन्यवाद करते हुए कहा की सभी संस्थाओं को एक जुट होकर कार्य करने की जरूरत है ताकि मुजफ्फरनगर ग्रीन सिटी बनाने का कार्य सफल हो सके।

## सपा जिला कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल पहुंचे नुमाइश कैंप मृतक परिवार के परिजनों को दी सांत्वना



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर पुरुषार्थी कॉलोनी, नुमाइश कैंप के निवासी एक ही परिवार के 4 व्यक्तियों डॉक्टर निरर्मोहन सिंह ,श्रीमती जसविंदर कोर एवं उनके दो युवा पुत्र मनदीप सिंह, लवदीप सिंह की कार एक्सीडेंट मै मृत्यु होने पर परिजनों से मिलने पहुंचे सचिन अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष, सपा, मुजफ्फरनगर, उन्होंने इस दुखद घटना पर शोक जताते हुए पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। सरदार तरणजीत सिंह सपा, सरदार सतनाम सिंह हंसपाल एवं संजीव शर्मा शास्त्री आदि मौजूद रहे।




**भारतीय किसान यूनियन के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र मलिक ने जानकारी देते हुए बताया भाकियू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के द्वारा उत्तर प्रदेश की भारतीय किसान यूनियन सभी इकाई युवा महिला सहित प्रदेश भर के सभी जिला अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष सहित सभी इकाइयां पूर्णता भंग कर दी गई है जल्द ही नई कमेटी का गठन किया जाएगा**

## नि : शुल्क कोविड–19 वैक्सीन का कैम्प आयोजित



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के धर्म से व धर्म गुरुओं से वैक्सीन जोड़ने की मुहिम रंग लाई, स्वास्थ्य विभाग, मेरठ द्वारा सेंट जोसेफ इंटर कालिज एवं सेंट जोसेफ कैथड्रल, चर्च के सहयोग से नि: शुल्क कोविड–19 वैक्सीन का कैम्प आयोजित किया गया बिना रजिस्ट्रेशन के 18ओर 45 के लोगो को प्रथम व द्वितीय डोज लगवाई सेंट जोसेफ इंटर कालिज एवं सेंट जोसेफ कैथड्रल चर्च मे फ्री वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया । वैक्सीनकैम्प कार्यक्रम शुभारम्भ चर्च के रेव0 फादर जॉन चिमन, सोफिया की प्रधानाचार्य सिस्टर गेल,सीएमओ अखिलेश मोहन जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डश्व प्रवीण गौतम,सरबजीत सिंह कपूर,राष्ट्रपति पदक से अलं त, उप संरक्षक भारतीय रेडक्रश्वस सोसाईटी प्रधानाचार्य बाल ष्ण द्वारा किया गया इस दौरान 120 लोगों ने वैक्सीन लगवाई सब ने सेटं जोसेफ कैथड्रल चार्ज की कार्यक्रम की सराहना की और सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया यह कार्यक्रम जिसमें जिला स्वास्थ्य विभाग ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम में रेडक्रश्वस सोसाइटी के जिला उप संरक्षक, राष्ट्रपति पदक से अलं त सरदार सरबजीत सिंह कपूर ने कहा कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री की उस योजना का सपली फलीभूत है जिसमें उन्होंने कहा था की वैक्सीन प्रक्रिया मैं सभी धर्म के लोगों को सभी धर्म गुरुओं को आगे आकर लोगों को वैक्सीन के प्रति जागरूक करना चाहिए और वैक्सीनेशन कार्यक्रम का संचालन करना चाहिए कार्यक्रम मे डा हिना ,डा विनोद द्विवेदी , डश्व दिपांशु रेशमा, सरिता, काजल ,जनेशवर एवम सेंट जोजफ इंटर कालिज के स्टाफ ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने सहयोग प्रदान किया।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम उक्त इकाई का उद्घाटन



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने हेतु "खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार" द्वारा चलाई जा रही "प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना पीएमईजीपी" के अंतर्गत युवा उद्यमी विक्रांत चौधरी मेरठ में मैसर्स आर. एन. एस. ऑइल्स द्धR-N-S- Oilsऋ नामक तेल उद्योग इकाई स्थापित की गई है। इकाई स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सरसों का शुद्ध तेल उपलब्ध कराने के साथ–साथ पशुओं के खाने के लिए उपयोग में लायी जाने वाली उच्च क्वालिटी की खली वपस बांम का उत्पादन करना भी शामिल है । उक्त इकाई का उद्घाटन मनिन्दर पाल सिंह, चेयरमैन, सहकारी बैंक, मेरठ एवं बागपत के कमलों द्वारा किया गया। उक्त परियोजना रु. 25.00 लाख की लागत से स्थापित की गई है । परियोजना हेतु भारतीय स्टेट बैंक शाखा सूरज कुंड रोड, ऋण स्वीकृत किया गया है तथा इसके लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा मार्जिन मनी सहायता प्रदान की जाएगी। उक्त परियोजना से न केवल श्री विक्रांत चौधरी आत्मनिर्भर होंगे, अपितु इससे आसपास के लोगों को भी रोजगार प्रदान किया जाएगा ।

## अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनने पर सुरेश जैन का किया अभिनंदन



**विपुल जैन**

**मेरठ दर्पण–बागपत।** जैन मिलन बडौत के सौजन्य से नमन रेस्टोरेंट में एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सुरेश जैन रितुराज को दूसरी बार अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाए जाने पर उनका अभिनंदन किया गया। बडौत दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष प्रवीण जैन एवं मन्त्री अतुल जैन सर्राफ ने सुरेश जैन को पगडी पहनाकर उनका अभिनंदन किया। उसके बाद श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन, मन्त्री अनिल जैन एवं श्री श्वेतांबर जैन मूर्ति पूजक मन्दिर के अध्यक्ष सन्तोष जैन एडवोकेट ने उनका चादर ओढ़ाकर सम्मान किया। जैन मिलन के अध्यक्ष आदिश जैन, कार्यकारी अध्यक्ष पुनीत जैन, मन्त्री रजनीश जैन एवं कोषाध्यक्ष अकुंर जैन ने उन्हे गिफ्ट देकर एवं फूल मालाओ के साथ स्वागत किया। तत्पश्चात क्षेत्रसंख्या –5 की क्षेत्रीय उपाध्यक्षा अन्जली जैन, संगीता भारती ,सुनीता जैन एवं जैन मिलन प्रेरणा की मन्त्री दीपा जैन ने उन्हें प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय सयुंक्त मन्त्री मनोज कुमार जैन मसाले वालो ने कहा कि सुरेश जैन का उत्तर प्रदेश सरकार मे अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनना समस्त जैन समाज के लिए बडे ही गौरव की बात है। जैन समाज को अपनी भागीदारी हर क्षेत्र मे रखनी चाहिए, जिससे कि हम लोकसभा ओर विधान सभा मे भी अपना प्रतिनिधि भेजकर अपनी पहचान बन सके। इस मौके पर प्रमोद जैन, विनोद जैन, अनिल जैन, नवीन जैन, राजेश जैन भारती, संजीव जैन, सुधीर जैन, अनुज जैन पुष्प, आदिश जैन, मुकुल जैन, प्रवीण जैन, सुरेश जैन, सचिन जैन भारती, हर्षित जैन, सुनील जैन, प्रवीण जैन, सतीश जैन, डश्व अनुराग मित्तल , नीरज जैन आदि थे।

# एसएसपी अभिषेक यादव के निर्देशन में थाना प्रभारी सिविल लाइन उम्मेद सिंह की शानदार कार्यप्रणाली के चलते हुए अपराधियों पर शिकंजा जारी



## थाना सिविल लाइन प्रभारी उम्मेद सिंह अपराधियों पर कर रहे हैं कड़ा प्रहार आम जनमानस की शिकायतों का हो रहा है समाधान

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार एटीएम बदलकर ठगी करने वाले ठगों के विरू) चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाईन द्वारा गठित टीम थाना सिविल लाईन पुलिस को एक बडी सफलता मिली जिसमे दिनांक 12.07.2021 की रात्रि में मुखबिर की सूचना पर दो शातिर ठग 1. राजीव कुमार पुत्र रणजीत सिंह निवासी बेहडा सादात थाना ककरौली जिला मु0नगर, 2. कल्याण कश्यप पुत्र जसवीर निवासी ग्राम कुआखेडा थाना ननौता सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया है, जो भोले भाले जनता के व्यक्तियों को एटीएम के अन्दर झाँसा देकर, उनके एटीएम कार्ड बदलकर व एटीएम कार्ड को स्कीमर डिवाइस के माध्यम से डाटा चोरी कर, नया एटीएम व नया पिन जेनरेट कर पैसे निकालने का अपराध करते थे, उनको मेरठ रोड स्थितै ठप् ।ज्ड के सामने से गिरफ्तार किया गया, जिनके दो साथी मौके से फरार हो गये तथा पकडे गये अभियुक्तों के कब्जे से एक लेपटाप, एक स्कीमर डिवाइस, एक फर्जी नम्बर प्लेट लगी कार स्विफ्ट डिजायर व विभिन्न बैको के 97 ।ज्ड कार्ड व 03 बलेंक एटीएम कार्ड व दो अदद तमचे 315 बोर व 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 15670 रु0 नकद बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम राजीव कुमार पुत्र रणजीत सिंह निवासी बेहडा सादात थाना ककरौली जिला मु0नगर, कल्याण कश्यप पुत्र जसवीर निवासी ग्राम कुआखेडा थाना ननौता सहारनपुर कन्नू उर्फ सुधीर पुत्र प्रमोद निवासी गलीश रोड पुजापुरम थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर विन्नू उर्फ विनोद पुत्र छोटाराम निवासी चन्दापुरा थाना बढगांव जिला सहारनपुर एक फर्जी नम्बर प्लेट लगी कार स्विफ्ट डिजायर नम्बर – UP11AG4025 विभिन्न बैको के 97 ATM कार्ड व 03 बलेंक एटीएम कार्ड दो अदद तमचे 315 बोर 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर 15670 रु0 नकद एक लेपटाप कम्पनी भ्च रंग कालौ मतपंस न0. CND4258YMN डनकपस नं0 15–RO 36TU एक काले रंग की डाटा केवेल तथा डाटा केवेल मे लगी एक डिवाइस लगी आपराधिक इतिहास मु0अ0सं0 324/21 धारा 420 IPC थाना नई मण्डी मु0नगर मु0अ0स0 191/21 धारा 420/467/468/471/411 भादवि थाना सि0ला0 मु0नगर मु0अ0सं0 192/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सि0ला0 मु0नगर मु0अ0सं0 193/21 धारा 3 !/25 आर्मस एक्ट थाना सि0ला0 मु0नगर मु0अं0स0 646/17 धारा 420,379,411 भादवि बनाम कल्याण थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर एसबीआई एटीएम मेरठ रोड निकट मीनाक्षी चौक दिनांक घटना व समय– दिनांक 12.07.2021 समय 09.10 बजे गिरफ्तारी टीम–SHO उम्मेद कुमार उ0नि0 श्री विजय त्यागी, उ0नि0 कौशल गुप्ता है0का0 417 अरविन्द का0 803 गौरव।

# थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा गुड वर्क



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार चलाये जा रहे अभियान अवैध शस्त्र माफिया पर अंकुश लगाये जाने हेतु व हत्या, लूट, डकैती, गैगस्टर, चोरी मे चल रहे वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय व श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के कुशल निर्देशन मे एवं मुझ प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे थाना पुरकाजी पुलिस उ0नि0 श्री सुरेन्द्र राव व कर्मचारीगण ने दौराने अभियान मुखविर की सूचना पर फलौदा कट से अभियुक्त 1.दीपक पुत्र अनिल ठाकुर नि0 रानीपुर मोड गोविन्द्रपुरी थाना ज्वालापुरी हरीद्वार 2.रोहित अरोरा पुत्र मंगलसैन अरोरा नि0 गाजीवाली हिमालयन स्कूल के पास लेखपाल के घर के पास थाना श्यामपुर कागडी हरिद्वार सम्बन्धित मु0अ0सं0 150ध्21 धारा 379 भादवि मे गिरफ्तार किया गया। दिनांक 08.07.2021 को वादी खलील पुत्र जमील अहमद नि0 मौ0 सर्वज्ञान कस्बा व थाना पुरकाजी मु0नगर की दुकान से अभियुक्तगण द्वारा मोबाईल चोरी किया था जिस संबंध में दिनांक 10.07.2021 को थाना पुरकाजी पर मु0अ0सं0 150ध्21 धारा 379 आईपीसी पंजी त किया गया था गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता’ दीपक पुत्र अनिल ठाकुर नि0 रानीपुर मोड गोविन्द्रपुरी थाना ज्वालापुरी हरीद्वार रोहित अरोरा पुत्र मंगलसैन अरोरा नि0 गाजीवाली हिमालयन स्कूल के पास लेखपाल के घर के पास थाना श्यामपुर का गडी हरिद्वार बरामदगी एक मोबाईल फोन सैम संग गिरफ्तार करने वाले अधिकारी कर्मचारीगण उ0नि0 श्री सुरेन्द्र राव पुरकाजी मु0नगर कान्स0 311 जितेन्द्र तेवतिया थाना पुरकाजी मु0नगर कान्स0 2035 प्रशान्त कुमार थाना पुरकाजी मु0नगर कान्स0 434 गौरव कुमार थाना पुरकाजी मु0नगर।

# 24 घण्टे के अन्दर किया चोरी के अभियोग का खुलासा



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** रात्रि को थानाक्षेत्र फुगाना में अज्ञात चोरों द्वारा सैटरिंग दुकान में चोरी की घटना को कारित किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना फुगाना पर अभियोग CN–53/21 US–380 IPC पंजीकृत किया गया था। थाना फुगाना पुलिस द्वारा महज 24 घण्टे के अन्दर उक्त चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 06 चोर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शत–प्रतिशत बरामदगी की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम– नफीस पुत्र आलिम निवासी खेडामस्तान थाना फुगाना मुजफ्फरनगर। प्रहलाद उर्फ कल्लू पुत्र मुल्तान निवासी शिव विहार कालोनी थाना कोतवाली नगर शामली। धीर सिंह पुत्र सुल्तान निवासी खेडामस्तान थाना फुगाना मुजफ्फरनगर। रामकिशन पुत्र स्व0 मिथरा निवासी उपरोक्त। गौरव पुत्र रामवीर निवासी उपरोक्त। मौ0दानिश पुत्र इस्तियाक निवासी पचेण्डा थाना नई मण्डी मुजफ्फरनगर।11 गाटर–15 फुट–चोरी किये हुए। 09 गाटर–10 फुट–चोरी किये हुए। 02 तमंचे मय 03 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर। 02 चाकू नाजायज। घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी ट्रक– UP 19 T 5133



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ सपा नेता गौरव स्वरूप पुरुषार्थी कॉलोनी नुमाइश कैंप निवासी डॉक्टर के परिवार के 4 परिजनों की कार ऐक्सिडेंट मे मृत्यु होने पर परिजनों से मिलने पहुंचे और दुख जताया सांत्वना देने मे साथ महानगर महामंत्री समाजवादी पार्टी शलभ गुप्ता एड,महानगर सचिव दुर्गेश यादव,पवन कुमार,अशोक नागपाल,विनय अरोरा ,परवीन आदि मौजूद रहे ।




**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की नगर पालिका परिषद के अंतर्गत वार्ड संख्या 29 में होने वाली निर्माण कार्यो का किया गया शिलान्यास इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल सभासद प्रेमी छाबड़ा विवेक चुघ व स्टेनो अध्यक्ष गोपाल त्यागी व समाजसेवी एसके बिट्टू मौजूद रहे

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने '**मेरठ दर्पण**' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक– अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845** फोन॰ 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।